अंधेरगर्दी

गुणवत्ताहीन कार्य कराकर शासन को लगाया जा रहा चूना

# ग्राम लेदरा की सीसी रोड बनते ही हुई क्षतिग्रस्त

**गोहपारू, नवभारत।** अंधेर नगरी चौपट राजा वाली तर्ज पर चल रही जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत में हो रहा विकास कार्य। जिले की ग्राम पंचायतों में अराजकता अपनी हद पार कर अंधेरगर्दी में बदल रहा है, लेकिन जिला प्रशासन के संबंधित सक्षम अधिकारी कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पंगु से बने बैठे है। इससे अंधेर मचाने वालों के हौसले बुलंद हैं।

ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक ढ़िलाई के कारण विकास कार्यों में गतिरोध सा बना हुआ है। जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग भी हो रहा है।

## सरकारी धन की खेली जा रही होली

एक तो निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों व क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए नहीं बल्कि सरपंच व सचिव की मंशा के अनुरूप कराए जा रहे हैं। जिसमें धन का दुरुपयोग होता है और ग्राम पंचायतों में चल रहा भ्रष्टाचार का रेला और उसमें बह रही शासकीय राशि देखकर ऐसा लगता है कि जैसे शासन-प्रशासन और कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। जो उसे नियंत्रित कर सके, अगर फील्ड में मौका मुआयना किया जाए तो






स्थिति पता चलती है कि निर्माण में किस तरह की अंधेर मचाई जा रही है। गोहपारू जनपद की पंचायतें इस तरह के भ्रष्टाचार में शायद सबसे आगे हैं।

## बिना सूचना पटल जानकारी के कराया गया कार्य

मामला जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत लेदरा का है ग्राम पंचायत लेदरा के सचिव सरपंच के द्वारा ठेकेदारी में काम देकर सीसी रोड का निर्माण माह जून में कराया गया था शिव मंदिर से लेकर मुकेश पांडे के घर तक लगभग 200 मीटर का रोड का निर्माण कराया गया था जहां पर निर्माण स्थल पर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की बोर्ड वगैरा नहीं लगवाई गई है पीसीसी रोड में ना तो वाइब्रेटर मशीन का उपयोग किया नाही सही सीमेंट का उपयोग किया गया है और लोकल मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया गया था जिससे आज लगभग 4 महीने में पूरी तरह से सड़क टूट कर क्षतिग्रस्त हो चुका है सड़क के ऊपर धूल एवं गिट्टी उखड़ रही है जिससे यह अंदाजा लगाए जा सकता है कि सरपंच सचिव के द्वारा पंचायत के पैसे की होली खेली गई है एवं पैसे की दुरुपयोग की गई है ग्राम पंचायत लेदरा के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है की लगातार हमारे द्वारा सरपंच सचिव एवं उपयंत्री को बोला गया लेकिन उनके द्वारा अपने मनमर्जी से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है जिसकी यह हालत है कि चलने लायक नहीं है अगर मामले की सत्यता की जांच हो तो सरपंच सचिव के ऊपर पंचायत स्वराज अधिनियम की धारा 1993 के तहत धारा 92 का प्रावधान है एवं जो पैसा पंचायत से निकासी की गई उसे पैसा को सरपंच सचिव से वापस लिए जाने लायक है।

## गुणवत्ता का नहीं हुआ पालन

सडक निर्माण के दौरान न तो उपयंत्री ने तकनीकी गुणवत्ता के लिए मार्गदर्शन दिया और न कभी मौके पर हाजिर हुए। सडक में निर्माण गाई के दौरान अगर मानकों का पालन किया जाता एक तो यह दुर्दशा नहीं होत। पूरी सडक में अधिकांशत: मिट्टी का काम किया गया है। पत्थर कहां पर कितने और किस साइज के लगे यह किसी को जानकारी नहीं है। केवल ऊपर से गिट्टियां बिछा दी गई हैं। बरसात आते सी ही सडक दम तोडे लगी है। इस सडक के में निर्माण की जांच की जाकर सरपंच व सचिव से राशि की वसूली की जानी चाहिए और घटिया निर्माण के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।ग्राम पंचायत लेदरा के ग्रामीणों ने की थी 181 पर शिकायत तो सरपंच सचिव व अन्य के द्वारा ग्रामीण को धमका कर शिकायत को बंद करा दी गई हालांकि मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों पर शिकायत पर निराकरण करने को लगातार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा लेकिन सीएम हेल्पलाइन अब धीरे-धीरे धामकी हेल्पलाइन बन चुकी है जिसका जीता उदाहरण ग्राम पंचायत लेदरा का है । क्या खबर प्रकाशित होने के बाद कोई कार्यवाही होती है या मामला सिर्फ फाइल तक सीमित रहेगा।

### इन जिम्मेदारों ने नहीं उठाया फोन

जब इस संबंध में जनपद पंचायत गोहपारू के सीईओ सुधीर दिनकर से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं उठा ।

जब इस पूरे मामले पर उपयंत्री रेखा जी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन बंद रहा।

जब इस संबंध में सचिव लेदरा अमृतलाल यादव से बात की गई तो उनका कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है ग्रामीणों के द्वारा झूठा आरोप लगाया जा रहा है।




# लोगों को क्षयरोग के प्रति किया जागरूक

स्वास्थ्य जांच एवं टीबी जागरूकता अभियान आयोजित

**शहडोल।** कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में टी.बी. रोग से बचाव, लक्षणों की पहचान एवं समय पर उपचार के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. योगेंद्र कुमार पासवान (नोडल अधिकारी), डॉ. हर्ष सोनी (मेडिकल अफसर), संगीता गुप्ता, प्रियंका शर्मा तथा रविशंकर कटिया (सलाहकार, जिला एड्स नियंत्रण इकाई, शहडोल) उपस्थित रहे।

उन्होंने ग्रामीणों को टी.बी. एवं एचआईवी जैसे संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी देते हुए उनके रोकथाम व नि:शुल्क उपचार की सरकारी सुविधाओं से अवगत कराया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर, रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने दिया संदेश

जन-जन ने यह ठाना है, भारत को टी.बी. मुक्त बनाना है। इस अभियान में ठसनम भ्वनेम के स्वयंसेवकों ने शानदार मेहनत, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ सक्रिय भागीदारी की। ठसनम भ्वनेम के कप्तान अनमोल मिश्रा ने कार्यक्रम में नेतृत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं सम्पूर्ण आयोजन वरिष्ठ स्वयंसेवक अनामिका सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक सुचिता तिवारी, जयराज रजक, शाहीन खान, उत्तरा विश्वकर्मा, रचना परस्ते, अनामिका भुंजवा, सोनाली शर्मा, भूमिका चैधरी, तथा स्वयंसेवक रुक्मणि केवट, संध्या प्रजापति, आर्यन सिंह, शगुन सोंधिया प्राप्ति अग्रवाल, पीयूष पाण्डेय, अफसा अंजुम,कौशर मंसूरी, पुष्पा केवट सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। इस कार्यक्रम में बच्चों सहित अनेक ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने भाग लिया और इस जन-जागरूकता पहल की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने ऐसे कार्यक्रमों को समाज हित में अत्यंत आवश्यक बताया।



## उप मुख्यमंत्री आज करेंगे जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**शहडोल ।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 19 अक्टूबर को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री 19 अक्टूबर को प्रात: 8:00 बजे रीवा से ग्राम परासी जिला अनूपपुर के लिए कार द्वारा प्रस्थान करेंगे, दोपहर 12:30 ग्राम परासी आगमन होगा, दोपहर 1:00 बजे ग्राम परासी से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1:45 बजे अनूपपुर आगमन एवं जिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे, दोपहर 3:00 बजे अनूपपुर से शहडोल के लिए प्रस्थान कर दोपहर 3:45 बजे शहडोल आगमन एवं जिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 5:30 बजे शहडोल से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जर्मनी से प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे फुटबॉलर

मिनी ब्राजील विचारपुर के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**शहडोल।** मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुके ग्राम विचारपुर के 5 फुटबाल खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक जर्मनी में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर जर्मनी से वापस हुए फुटबॉल खिलाड़ी सानिया कुंडे, लक्ष्मी सहीस, सुहानी कोल, वीरेंद्र बैगा, प्रीतम सिंह, मनीष घसिया को विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने बिरसा मुंडा फुटबाल मैदान में ट्राफी, प्रमाण पत्र एवं टी-शर्ट, प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं की फुटबाल टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

विधायक ने कहा कि ग्राम विचारपुर को अब मिनी ब्राज़ील ने नाम से जाना जा रहा है यह शहडोल जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ग्राम विचारपुर के



फुटबाल खिलाड़ियो की प्रतिभा और जूनून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम सहित अन्य विश्व स्तरीय मंच पर सराहना की है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर आए फुटबाल खिलाड़ी अब अन्य फुटबाल खिलाड़ियो को खेल की आधुनिक तकनीको के बारीकियो से अवगत कराएंगे।

## खिलाड़ियों ने साझा किए विचार

इस अवसर पर फुटबॉल खिलाड़ी सुहानी कोल एवं लक्ष्मी सहीस कोच द्वारा जर्मनी की यात्रा के बारे में अपने विचार साझा किया गया। उन्होंने कहा कि जर्मनी के कोच से फुटबाल खेल की नई-नई खेल तकनीकियों से संबंधित जानकारियां सीखने को मिली है। जो भविष्य में होने वाली फुटबाल प्रतियोगिताओ में काफी मददगार साबित होगी।

इस अवसर पर पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के संचालक शारीरिक शिक्षक एवं खेल विभाग डॉ. आदर्श तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा, समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अजय सोंधिया, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, दयानंद सोंधिया, अनिल सिंह फुटबॉल कोच, यशोदा सिंह, रजनी सिंह फुटबॉल कोच सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं फुटबाल खिलाड़ी उपस्थित रहें।

गौरतलब है कि मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर अपने खेल कौशल को निखार रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का उनका जज्बा क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहा है। जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब थ्ब प्दहवसेजंकज 4 क्लब ने विचारपुर के खिलाड़ियों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर तक कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक फुटबॉल तकनीक, फिटनेस, टीम रणनीति और टैक्टिकल गेम प्लानिंग की गहन ट्रेनिंग प्राप्त किया। खिलाड़ियों को गेंद नियंत्रण पासिंग, शूटिंग और रक्षात्मक व आक्रामक रणनीतियाँ सिखाएं गए। विश्वस्तरीय प्रशिक्षण के लिए विचारपुर से कुल पाँच खिलाड़ी और एक महिला प्रशिक्षक का चयन किया जिसमें लक्ष्मी सहीस (कोच), सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार,वीरेंद्र बैगा, मनीष घसिया शामिल रहे।

## निर्माण कार्य में सात प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप

**कटनी।** जनपद पंचायत कटनी की अध्यक्ष श्रीमती गीता बाई ने निर्माण कार्यों के मूल्यांकन और सत्यापन के नाम पर अवैध रूप से 7 प्रतिशत राशि मांगे जाने की शिकायत पर गंभीर रुख अपनाया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनपद सदस्य श्रीमती भागवती चौधरी द्वारा शिकायत की गई कि क्षेत्रीय उपयंत्री आरती पाल ने निर्माण कार्यों के मूल्यांकन के लिए 7 प्रतिशत राशि मांगी है, जिसमें 5 प्रतिशत उपयंत्री को मूल्यांकन के लिए और 2 प्रतिशत सहायक यंत्री को सत्यापन के लिए देने की बात कही गई है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि सहायक यंत्री ने यह कहते हुए दबाव बनाया कि मैं एमपीपीएसी पास करके आया हूं, कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता, जो प्रतिशत है वह देना ही होगा, तभी काम होगा। साथ ही पंचायतों से भी मूल्यांकन और सत्यापन के लिए प्रतिशत राशि की मांग की जा रही है।



# ब्यौहारी महाविद्यालय के दो छात्र राज्य स्तर बास्केटबॉल के लिए चयनित

**ब्यौहारी, नवभारत ।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार और संभाग स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय जयसिंहनगर में विगत दिवस किया गया।

इस सपन्न हुई बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अनूपपुर जिला को हराकर शहडोल जिला ने प्रथम स्थान अर्जित किया। ज्ञातव्य हो कि शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी के तीन छात्रों ने शहडोल जिला का प्रतिनिधित्व किया जिनके खेल कौशल को चयन समिति द्वारा देखकर दो छात्रों का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता हेतु हुआ सुजल केवट एवं अनुराग गुप्ता दोनों छात्र को महाविद्यालय परिवार के मुखिया एवं प्राचार्य डॉ आरके तिवारी एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और क्रीड़ा अधिकारी विजय प्रताप सिंह एवं क्रीड़ा सहायक सुधांशु सिंह (डब्बू) ने शुभकामनाएं दी ।



# बांधवगढ़ से चंदेला, पटोरी से लेकर पैलवाह पहुंचे 16 हाथी

**गोहपारू, नवभारत।** 16 प्रवासी हाथियों का समूह शहडोल जिले के शहडोल एवं गोहपारू वन परिक्षेत्र की सीमा के क्षेत्रों में निरंतर विचरण करते हुए शनिवार की सुबह वन परिक्षेत्र पटोरी के पैलवाह बीट के जंगल में पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे है यह इलाका शहडोल जिले के गोहपारू वन परिक्षेत्र अंतर्गत पटोरी बीट एवं पैलवाह गांव के जंगल से लगा हुआ है जिससे शनिवार की देर रात 16 हाथियों के पैलवाह गांव के इलाके में पहुंचने की संभावना बन रही है.

इस दौरान गोहपारू एवं पटोरी वन परिक्षेत्र के वन अधिकारी/कर्मचारी हाथियों के विचरण पर नजर बनाए रखते हुए हाथी विचरण क्षेत्र के संभावित इलाकों के ग्रामीणों को शाम होते ही सुरक्षित स्थलों पर रहने की सलाह मुनादी एवं अन्य

## देर रात गोहपारू के पैलवाह में प्रवेश करने की बनी संभावना

विदित है कि 16 हाथियों का समूह विगत 18 अक्टूबर को कई दिनों तक मध्य प्रदेश के उमरिया इलाके में विचरण करने के बाद एक बार



फिर से शहडोल के गोहपारू इलाके में प्रवेश कर निरंतर विचरण कर रहे है, उमरिया जिले के बांधवगढ़ से शहडोल जिले के शहडोल एवं गोहपारू वन परिक्षेत्र एवं तहसीलों के ग्रामीण अंचलों में दिन के समय वन एवं राजस्व के जंगलों में ठहरने बाद देर रात होने पर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेत, बाड़ियों में लगे एवं रखें विभिन्न तरह के खाने की सामग्रियों को अपना आहार बनाते हुए शनिवार की देर रात वन परिक्षेत्र गोहपारू के पटोरी बीट अंतर्गत पैलवाह गांव में ग्रामीणों के खेत खलियान को नुकसान करते हुए चंदेला क्षेत्र से पैलवाह होकर शनिवार की सुबह वन परिक्षेत्र पटोरी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। यह क्षेत्र शहडोल के गोहपारू तहसील एवं वन परिक्षेत्र के पैलवाह गांव एवं वन बीट के जंगल से लगा हुआ है जिस कारण देर शाम एवं रात को पटोरी क्षेत्र में पहुंचकर विचरण करने की संभावना बन रही है।

## वन अमला हाथियों पर रख रहा नजर

अधिकारी/कर्मचारी हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी करते हुए देर रात के समय हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क एवं सावधान रहते हुए देर शाम होते ही बीच बस्ती में सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील मुनादी एवं अन्य माध्यमों से की है, एक बार फिर से हाथियों के शहडोल जिले में प्रवेश होने की संभावना पर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत एवं परेशान हो रहे हैं क्योंकि एक तरफ बरसात का समय होने गांव के टोला, मोहल्ला में कच्चे-कच्चे मकान होने खेतों में खेती-बांड़ी करने का समय होने पर फिर से हाथियों के द्वारा संपत्तियों के नुकसान किए जाने की आशंका को लेकर ग्रामीण चिंतित है।

# कलेक्टर ने किया विकासखंड बजाग के ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण


निर्माण कार्य, नल-जल योजना, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र एवं स्व-सहायता समूहों की प्रगति का लिया जायजा

**डिंडौरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को विकासखंड बजाग के विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति, जनसेवाओं की स्थिति एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का विस्तृत जायजा लिया।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत गीधा में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण किया और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने जल निगम द्वारा संचालित नल-जल योजना का घर-घर जाकर अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से पेयजल उपलब्धता की जानकारी ली।कलेक्टर ने सरपंच और सचिव को नल-जल योजना के नियमित संचालन एवं मेंटेनेंस हेतु जलकर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री आवास एवं आश्रम शाला का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही अनीता बाई से चर्चा की, जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद संबल योजना का लाभ न मिलने की बात कही।कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को तत्काल सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बालक आश्रम शाला गीधा का निरीक्षण कर बच्चों से किताबें पढ़वाकर शिक्षा स्तर की जानकारी ली।रसोईघर, भंडार,





भोजनालय एवं आवास परिसर का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट जांची और मीनू के अनुसार भोजन प्रदाय सुनिश्चित करने को कहा।साथ ही आश्रम के मुख्य द्वार को गोंडी चित्रकला से सजाने के निर्देश दिए।

## पेयजल आपूर्ति एवं विद्यालय का किया निरीक्षण

ग्राम पंचायत बोंदर में नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पीएचई विभाग को प्रतिदिन सुबह और शाम एक-एक घंटे जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत पड़रिया डोंगरी में स्थित मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया, उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया और घोषणा की कि जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को वे स्वयं नगद पुरस्कार देंगी। कलेक्टर ने निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग का निरीक्षण किया।उन्होंने पीआईयू और ठेकेदारों को गुणवत्ता बनाए रखने एवं मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सब-इंजीनियर को प्रत्येक तीन दिन में प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## कृषि, सहकारिता एवं खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने कृषि सहकारिता केंद्र और शासकीय उचित मूल्य की दुकान में कोदो-कुटकी पंजीयन, उर्वरक भंडारण और वितरण पंजी का अवलोकन किया।उन्होंने किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने और स्टॉक की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

## मत्स्य संपदा योजना का निरीक्षण कर ली जानकारी

कलेक्टर ने ग्राम बजाग रैयत में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत हितग्राही श्री शंकर सिंह धुर्वे के तालाब और मत्स्य उत्पादन कार्य का निरीक्षण किया।लगभग 11 लाख लागत वाली इस परियोजना से 4 टन मत्स्य उत्पादन एवं 4 लाख वार्षिक आय का लक्ष्य है।कलेक्टर ने हितग्राही को अधिक उत्पादन एवं विपणन विस्तार हेतु प्रोत्साहित किया।

## 18 स्व-सहायता समूहों से की मुलाकात

कलेक्टर ने ग्राम भानपुर में मां की बगिया योजना के अंतर्गत लगाए गए आम और नींबू के पौधों का निरीक्षण करते हुए सिंचाई और बड़े पौधों के रोपण के निर्देश दिए। ग्राम तरच में संचालित 18 स्व-सहायता समूहों से मुलाकात की, जहां कोदो-कुटकी की प्रोसेसिंग और पैकिंग का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने समूहों को विपणन नेटवर्क बढ़ाने और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के सुझाव दिए।ग्राम तरच टोला में चावल प्रसंस्करण संयंत्र के निरीक्षण के दौरान विद्युत कनेक्शन की समस्या पर उन्होंने 2 दिन में समाधान के निर्देश दिए।कुंए के निरीक्षण के दौरान शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु तत्काल सफाई और दवा छिड़काव करने का आदेश दिया। ग्राम चांडा और तांतर में जल गंगा संवर्धन योजना से बने तालाब का निरीक्षण कर कलेक्टर ने इसे उत्कृष्ट जल संरक्षण मॉडल बताया।उन्होंने सरपंच, सचिव एवं आरईएस अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्व-सहायता समूहों को तालाब पालन कार्य से जोड़ा जाए, ताकि महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर मिलें।

## वन्या रेडियो का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने वन्या रेडियो केंद्र का दौरा किया, जहां स्थानीय कलाकारों ने परधानी नृत्य के साथ स्वागत किया। कलेक्टर ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए वन्या रेडियो के माध्यम से जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दी।